Booklet Serial No. : 0913

*DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO*

**TEST BOOKLET SERIES**

**A**

# *TEST BOOKLET*

## *AMO-2014*

Time Allowed : 2 Hours] [Maximum Marks : 100

*All* questions carry equal marks.

## *INSTRUCTIONS*

1. Immediately after the commencement of the examination, you should check that test booklet does not have any unprinted or torn or missing pages or items, etc. If so, get it replaced by a complete test booklet.
2. **Encode clearly the test booklet series A, B, C or D as the case may be in the appropriate place in the answer-sheet.**
3. Write your Roll Number only in the box provided alongside. Do not write anything else on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **100** items (questions). Each item comprises four responses (answers). Choose only one response for each item which you consider the best.
5. After the candidate has read each item in the Test Booklet and decided which of the given responses is correct or the best, he has to mark the circle containing the letter of the selected response by blackening it completely with Black or Blue ball pen. In the following example, response "C" is so marked :

   (A) (B) ● (D)

6. Do the encoding carefully as given in the illustrations. While encoding your particulars or marking the answers on answer sheet, you should blacken the circle corresponding to the choice in full and no part of the circle should be left unfilled.
7. You have to mark all your responses ONLY on the ANSWER SHEET separately given according to 'INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES' already supplied to you. *Responses marked on the Test Booklet or in any paper other than the answer sheet shall not be examined.*
8. All items carry equal marks. Attempt all items. Your total marks will depend only on the number of correct responses marked by you in the Answer Sheet. There will be no negative marking.
9. Before you proceed to mark responses in the Answer Sheet fill in the particulars in the front portion of the Answer Sheet as per the instructions sent to you.
10. After you have completed the test, hand over the Answer Sheet only, to the Invigilator.

*DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO*

Time Allowed : 2 Hours] [Maximum Marks : 100

1. एक स्वस्थ मनुष्य को व्यायाम करने के सम्बन्ध में सुश्रुत के अनुसार क्या निर्देश देंगे ?

(A) बल के समान करें (B) बल से आधा करें

(C) बल से दुगुना करें (D) बल से चौथाई करें

2. दो दिन बाद आने वाले विषमज्वर का कारण निम्न में से कौनसा परजीवी है ?

(A) प्लाज्मोडियम मैलेरियाइ (B) प्लाज्मोडियम वाइवेक्स

(C) प्लाज्मोडियम फेल्सीपेरम (D) इनमें से कोई नहीं

3. चरक संहिता में कुलत्थादि घृत का वर्णन किस चिकित्सा अध्याय में किया गया है ?

(A) अश्मरी (B) गुल्म

(C) पाण्डु (D) कास

4. "नातिसान्द्रं हितं पाने स्वादु तक्रमपेलवम्" तक्र सेवन का यह चरकीय निर्देश किस रोग में है ?

(A) पाण्डु (B) उदर

(C) गुल्म (D) जलोदर

5. शाखाश्रित कामला रोग की चिकित्सा का चरक के अनुसार चिकित्सा सूत्र क्या है ?

(A) पित्तकफ नाशक (B) पित्तवात नाशक

(C) रक्त पित्त नाशक (D) सन्निपात

6. विसर्प रोग का एक अन्य नाम चरक ने क्या लिखा है ?

(A) अनुसर्प (B) परिसर्प

(C) अपसर्ग (D) निसर्ज

7. अतिव्यवायजन्य योनिव्यापद का नाम चरक के अनुसार है :

(A) प्राक्चरणा (B) उपप्लुता

(C) अतिचरणा (D) अचरणा

8. खुड्डाक पद्मक तैल चरक के किस रोगाधिकार में वर्णित है ?

(A) शीतपित्त (B) रक्तपित्त

(C) उरुस्तंभ (D) वातरक्त

9. चक्रदत्त के अनुसार आमाजीर्ण में वमन किससे कराया जाना चाहिये ?

(A) वचा एवं सैन्धव लवण मिश्रित जल

(B) मदनफल एवं सैन्धव लवण मिश्रित जल

(C) धामार्गव एवं सैन्धव लवण मिश्रित जल

(D) राजिका एवं सैन्धव लवण मिश्रित जल

10. सूरण पुटपाक का प्रयोग चक्रदत्त में किस रोग चिकित्सार्थ बताया है ?

(A) ग्रहणी (B) अर्श

(C) जलोदर (D) पाण्डु

11. चरकीय शास्त्रीय मतानुसार च्यवनप्राश निर्माण हेतु एक-एक पल क्वाथ द्रव्य के लिए आमलकी फल कितने लेने का निर्देश दिया गया है ?

(A) 300 (B) 400

(C) 500 (D) 1000

12. भैषज्य रत्नावली में अखण्डासव किस रोग के चिकित्सा प्रकरण में लिखा गया है ?

(A) मद (B) मूर्च्छा

(C) मदात्यय (D) दाह

13. वातरक्त चिकित्सार्थ गुडूची सेवन का काल भैषज्य रत्नावली के अनुसार है :

(A) अल्पकाल (B) प्रभूतकाल

(C) एक वर्ष (D) एक माह

14. चरक के अनुसार वमन व्यापद हैं :

(A) 8
(B) 9
(C) 10
(D) 11

15. सुश्रुत के अनुसार निरूह बस्ति का प्रत्यागमन काल कितने मुहूर्त होता है ?

(A) एक
(B) दो
(C) तीन
(D) चार

16. अष्टांग हृदय ने नस्य के निम्न में से कौनसे भेद बताये हैं ?

(A) प्रतिमर्श, अवपीड, प्रधमन
(B) विरेचन, बृंहण, शमन
(C) नस्य, शिरोविरेचन, प्रधमन
(D) विरेचन, प्रधमन, अवपीड

17. डल्हण के अनुसार रक्त मोक्षण में परमसुकुमार उपाय किसे कहा है ?

(A) प्रच्छान
(B) शृंग, अलाबू
(C) सिराव्यध
(D) जलौका

18. "नित्यंमन्दज्वरोरूक्षः शूनकस्तेन सीदति" अष्टांग संग्रह के अनुसार यह लक्षण किसका है ?

(A) उरुस्तंभ
(B) वातबलासकज्वर
(C) प्रलेपकज्वर
(D) विषमज्वर

19. "श्वासःशूलं पिपासाऽन्न विद्वेषो ग्रन्थिमूढ़ता । जायते दुर्बलत्वं च" सुश्रुतोक्त यह लक्षण किस प्रकार के गुल्म से सम्बन्धित है ?

(A) साध्य गुल्म
(B) असाध्य गुल्म
(C) याप्य गुल्म
(D) रक्त गुल्म

20. कफ वातघ्न उष्ण एवं वातानुलोमन भेषज एवं अन्नपान का चरक ने किस रोग की चिकित्सार्थ बताया है ?

(A) हिक्का श्वास
(B) कास
(C) गुल्म
(D) आध्मान

21. पुलाकोदक के समान कोष्ठगतव्रणस्राव सुश्रुत के अनुसार किस दोष से होता है ?

(A) वात (B) पित्त

(C) कफ (D) सन्निपात

22. सुश्रुत के अनुसार सन्ध्यस्थि दग्ध में व्रणता किस तरह की होती है ?

(A) कूर्मास्थिव्रणता (B) कर्कशास्थिव्रणता

(C) सामान्यव्रणता (D) शुक्लव्रणता

23. सुश्रुत के अनुसार अपची रोग में अग्निदग्ध कहाँ पर करना चाहिये ?

(A) जानुसंधि के ऊपर (B) पार्ष्णि के ऊपर

(C) नितम्ब प्रदेश पर (D) जघन प्रदेश पर

24. सुश्रुत के अनुसार शम्बूकावर्त भगन्दर में पिडिका का प्रमाण होता है :

(A) दो अंगुल (B) एक अंगुल

(C) पादांगुष्ठ (D) हस्तांगुष्ठ

25. "अक्रियायां ध्रुवो मृत्यु क्रियायां संशयो भवेत्" सुश्रुत ने किस संदर्भ में कहा है ?

(A) अश्मरी (B) उदर रोग

(C) जलोदर (D) व्रण

26. छेदन कर्म हेतु सुश्रुत के अनुसार शस्त्र की धार होगी :

(A) मासूरी (B) अर्द्धमासूरी

(C) कैशिकी (D) अर्द्धकैशिकी

27. सुश्रुत के अनुसार अनिष्ट गंधा जलौका का नाम है :

(A) शंखमुखी (B) पुण्डरीक

(C) मूषिका (D) सावरिका

28. अष्टांग संग्रह में दन्तहर्ष, दन्तचाल, वातिक मुखरोग हेतु कौनसा गण्डूष निर्दिष्ट किया है ?

(A) तैल एवं मांसरस
(B) मधु
(C) धान्याम्ल
(D) तिलकल्कोदक

29. कर्णपाक एवं पूतिकर्ण को सुश्रुत ने किस दोष की प्रधानता वाला माना है ?

(A) वात
(B) पित्त
(C) कफ
(D) सन्निपात

30. खदिरादि गुटिका चरक के किस चिकित्सा अधिकार में वर्णित है ?

(A) त्रिमर्मीय चिकित्सा
(B) कुष्ठ चिकित्सा
(C) उदर रोग चिकित्सा
(D) राजयक्ष्मा चिकित्सा

31. चरक के अनुसार कौनसा शिलाजतु सर्वश्रेष्ठ है ?

(A) सुवर्ण
(B) लौह
(C) रौप्य
(D) सभी

32. चरक के अनुसार घृतपान किस ऋतु में करना चाहिये ?

(A) शरद
(B) हेमन्त
(C) शिशिर
(D) ग्रीष्म

33. शिशु को जन्म के प्रथम दिन सुश्रुत के अनुसार क्या देना चाहिये ?

(A) मधु, सर्पि एवं सुवर्ण (अनन्त)
(B) मधु
(C) सर्पि
(D) मधु, सर्पि लक्ष्मणा

34. जातमात्र को सुश्रुत के अनुसार किस तैल से अभ्यंग करना चाहिये ?

(A) नारायण तैल
(B) महामाष तैल
(C) क्षीर बला तैल
(D) बला तैल

35. "अधस्ताद् स्नेह दर्शनम्" सुश्रुत का यह लक्षण किस संदर्भ में है ?

(A) अस्निग्ध (B) अतिस्निग्ध

(C) सम्यक् स्निग्ध (D) इनमें से कोई नहीं

36. चरक के अनुसार बस्ति पुटक के कितने दोष होते हैं ?

(A) 6 (B) 7

(C) 8 (D) 9

37. शोधन एवं पूरण नस्य के अतिरिक्त काश्यप ने नस्य के कौनसे भेद लिखे ?

(A) अवपीड, धुम (B) रेचन

(C) बृंहण, कर्षण (D) बृंहण, रसायन

38. प्रतिमर्श नस्य चरक के अनुसार कब तक लेना चाहिये ?

(A) 20 वर्ष तक (B) 10 वर्ष तक

(C) 60 वर्ष तक (D) हमेशा नित्य

39. सुश्रुत के अनुसार सिध्म कुष्ठ निम्न में से किस वर्ग की व्याधि है ?

(A) महाकुष्ठ (B) क्षुद्रकुष्ठ

(C) आगन्तुज कुष्ठ (D) इनमें से कोई नहीं

40. "दुर्विरेच्याहि मधुमेहिनो भवन्ति" यह कथन किस आचार्य का है ?

(A) चरक (B) सुश्रुत

(C) भेल (D) क्षारपाणि

41. सुश्रुत के अनुसार उन्माद रोग के कितने प्रकार हैं ?

(A) 6 (B) 7

(C) 8 (D) 9

42. सुश्रुत ने पटलाश्रित तिमिर को चिकित्सकीय दृष्टि से कहा है :

(A) साध्य
(B) असाध्य
(C) कृच्छ्रसाध्य
(D) याप्य

43. सुश्रुत के अनुसार अरणिमन्थन के समान पीड़ा किस नेत्र रोग में होती है ?

(A) सव्रण शुक्र
(B) अव्रण शुक्र
(C) हताधिमन्थ
(D) वाताधिमन्थ

44. सुश्रुत ने दृष्टि की आकृति कैसी बतायी है ?

(A) माषदलमात्र
(B) मसूरदलमात्र
(C) कोलमात्र
(D) चणकमात्र

45. कर्दमवर्त्म नेत्र रोग उपचार की किस श्रेणी में सुश्रुत द्वारा रखा गया है ?

(A) छेदनीय
(B) लेखनीय
(C) तर्पणीय
(D) वेधनीय

46. सूतिकागार का द्वार अष्टांग संग्रह के अनुसार किस दिशा में होना चाहिये ?

(A) पूर्व/उत्तर
(B) पूर्व/दक्षिण
(C) पश्चिम/उत्तर
(D) दक्षिण/उत्तर

47. आवि का शीघ्रतर होना चरक के अनुसार लक्षण है :

(A) प्रजायिनी
(B) आसन्न प्रसवा
(C) परिवर्त्तितगर्भा
(D) ये सभी

48. सुश्रुत के अनुसार स्तनमूल एवं स्तन रोहित किस वर्ग के मर्म हैं ?

(A) सद्यप्राणहर
(B) कालान्तर प्राणहर
(C) वैकल्यकर
(D) रुजा कर

49. "शुक्रशोणीतयोरवबन्धः स्फुरणंच योनेः" सुश्रुत ने किसके लक्षण बताये हैं ?

(A) सद्योगृहीत गर्भा (B) ऋतुमती

(C) प्रसवपूर्व रक्तस्राव (D) व्यक्त गर्भा

50. गर्भपातन हेतु एरण्डपत्रकाण्ड को योनि में कितने अंगुल प्रवेश करने का निर्देश योगरत्नाकर के अनुसार है ?

(A) 6 (B) 7

(C) 8 (D) 9

51. चरक ने कितने प्रकार के क्षीर दोष बताये हैं ?

(A) 7 (B) 6

(C) 8 (D) 5

52. सुश्रुत के अनुसार कौनसा रोग पाँच भेद होते हुये भी एक ही है ?

(A) हिक्का (B) श्वास

(C) यक्ष्मा (D) अतिसार

53. चरक के अनुसार दिवाबली शोथ कौनसा होता है ?

(A) वातज (B) पित्तज

(C) कफज (D) सन्निपातज

54. पिण्ड तैल चरक के किस रोगाधिकार में वर्णित है ?

(A) आमवात (B) सन्धिवात

(C) वातरक्त (D) पाण्डु

55. चरक के अनुसार घृत पुराण एवं उग्रगन्ध कितने वर्ष रखने पर होता है ?

(A) 7 (B) 8

(C) 9 (D) 10

56. सुश्रुत ने किस धातुगत कुष्ठ को याप्य कहा है ?

(A) रक्त

(B) मांस

(C) मेद

(D) मज्जा

57. मधुमेह से मुक्त होने के लिये कितनी शिलाजतु लेने का विधान सुश्रुत के अनुसार है ?

(A) एकपल

(B) दशपल

(C) एकतुला

(D) एक बज्र

58. आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के अनुसार आहार एवं विहार में परिवर्तन से कितने प्रतिशत रोगियों में मधुमेह टाइप II नियंत्रित किया जा सकता है ?

(A) 40%

(B) 50%

(C) 80%

(D) 20%

59. सितोपलादि चूर्ण में निम्न में से सर्वाधिक कौनसा द्रव्य ग्रहण होगा ?

(A) पिप्पली

(B) मिश्री (सिता)

(C) वंशलोचन

(D) एला

60. संवहित रक्त में इओसिनोफिल सामान्यतया कितने प्रतिशत होते हैं ?

(A) 2—10%

(B) 1—6%

(C) 10—20%

(D) 0—5%

61. संजीवनी वटी में निम्न में से कौनसा विष घटक द्रव्य है ?

(A) लांगली

(B) धत्तूर

(C) वत्सनाभ

(D) कुचल

62. सुश्रुत के अनुसार केश एवं नख में असामान्य वृद्धि किस रोग के पूर्वरूप हैं ?

(A) वातरक्त

(B) प्रमेह

(C) आमवात

(D) राजयक्ष्मा

63. सुश्रुत के अनुसार सभी प्रमेह चिकित्सा नहीं करने पर किस रोग में परिवर्तित हो जाते हैं ?

(A) यक्ष्मा
(B) जरा
(C) मधुमेह
(D) ध्वजभंग

64. मातृदुग्ध का रस कटु तिक्त हो तो काश्यप के अनुसार वह किस ग्रह से दूषित होगा ?

(A) शकुनि
(B) नैगमेष
(C) स्कन्द
(D) षष्ठी

65. "निमीलिताक्षो मूर्धस्थे ''''' न धारयेत !" सुश्रुत ने उपर्युक्त द्वारा बालक के किस अंग में रोग होने का लक्षण बताया है ?

(A) ज्वर
(B) वमन
(C) शिरोविकार
(D) उदरविकार

66. चिकित्सीय उपेक्षा भारतीय दण्ड संहिता की किस धारा के अन्तर्गत आती है ?

(A) 304 (A) IPC
(B) 351 IPC
(C) 312 IPC
(D) 304 IPC

67. "पूर्वरूपं तु तस्येदं तृष्णालस्यं बलं क्षयः" माधव निदान में किस रोग के पूर्व रूप हैं ?

(A) गुल्म
(B) विलम्बिका
(C) आध्मान
(D) ग्रहणी

68. रसेन्द्र चिन्तामणि में भेक वपु किसको कहा गया है ?

(A) अभ्रक
(B) मल्ल
(C) स्वर्णमाक्षिक
(D) रौप्यमाक्षिक

69. एक काल धातु पोषणपक्ष किसने स्थापित किया ?

(A) चक्रपाणिदत्त
(B) अरुणदत्त
(C) ह्राराणचन्द्र
(D) श्रीचदेव

70. रेबीज का औसत संचय काल मनुष्यों में कितना होता है ?

(A) 40 दिन
(B) 30 दिन
(C) 20 दिन
(D) 10 दिन

71. श्वास को लेकर रोकना प्राणायाम की कौनसी अवस्था है ?
(A) पूरक
(B) कुंभक
(C) रेचक
(D) इनमें से कोई नहीं

72. अष्टांग संग्रह के अनुसार, अन्तर्भक्त औषध काल कौनसा है ?
(A) पूर्वान्ह में जीर्ण होने पर मध्यान्ह में दी जावे
(B) रात्रि में दी जावे
(C) भोजन के अन्त में
(D) भोजन के पूर्व में

73. अष्टांग संग्रह के अनुसार बालमूलक की दोषों पर क्रिया होती है :
(A) दोषनाशक
(B) दोषप्रकोपक
(C) दोषसंचय
(D) सन्निपातप्रकोपक

74. चरक संहिता की जल्पकतपतक टीका किसने लिखी ?
(A) चक्रपाणिदत्त
(B) जेज्जट
(C) गंगाधरराय
(D) डल्हण

75. "Pterocarpus marsupium" वानस्पतिक नाम है :
(A) श्योनाक
(B) विजयसार
(C) गंभारी
(D) एरण्ड

76. त्रिजातक का घटक निम्न में से कौनसा है ?
(A) दालचीनी, एला, तेजपत्र
(B) दालचीनी, वृहदेल, जातीफल
(C) जातीफल, लवंग, मरिच
(D) पिप्पली, शुंठि, मरिच

77. चरक के अनुसार त्वक्, कन्द एवं क्षीर का संग्रहण कब करना चाहिये ?
(A) ग्रीष्म
(B) वर्षा
(C) शरद
(D) हेमन्त

78. हस्त्यायुर्वेद (गजायुर्वेद) के लेखक हैं :
(A) वोमदेव
(B) हरिकाप्य
(C) सहदेव
(D) पालकाप्य

79. विरेचन द्रव्यों में अग्र है :
(A) हरीतकी
(B) दन्ती
(C) निशोथ
(D) सनाय

80. सुश्रुत के अनुसार शिशु का नामकरण कौनसे दिन करना चाहिये ?
(A) 15
(B) 11
(C) 10
(D) 7

81. 'कुल्लू : द एण्ड ऑफ हेबिटेबल वर्ल्ड' के लेखक कौन हैं ?

(A) इ.जे. बक्क
(B) आर.एम. बर्नियर
(C) पी. चेटवुड
(D) एच.पी. इकोस्टैट

82. मण्डी को कुल्लू से कौनसा दर्रा जोड़ता है ?

(A) कुंग्टी
(B) जलोरी
(C) जालसू
(D) दुल्ची

83. हिमाचल प्रदेश के कुछ चुनिन्दा क्षेत्रों में सामुदायिक विकास कार्यक्रम कब शुरू किया गया ?

(A) 1952 में
(B) 1958 में
(C) 1967 में
(D) 1972 में

84. स्पीति का 'की' मठ किस लामामत से सम्बन्धित है ?

(A) सा-स्कया-पा
(B) द्र-उग-पा
(C) पुर-बु
(D) गु-इंग-पा

85. चम्बा के किस राजा ने भरमौर में लक्षणा देवी और गणेश के तथा छतराड़ी में शक्ति देवी के मन्दिर बनवाए ?

(A) लक्ष्मी वर्मन
(B) मेरु वर्मन
(C) मुशान वर्मन
(D) सहिल वर्मन

86. निर्मण्ड का भुण्डा उत्सव किस अन्तराल में मनाया जाता है ?

(A) दो वर्ष
(B) छः वर्ष
(C) दस वर्ष
(D) बारह वर्ष

87. 1948 में सोलन संवैधानिक सभा का संयोजन किसने किया ?

(A) पण्डित पदम देव
(B) राजा दुर्गासिंह
(C) डॉ. वाइ.एस. परमार
(D) शिवानन्द रमोल

88. कांगड़ा जिले का त्रिभाजन, जिसके परिणामस्वरूप हमीरपुर और ऊना जिलों का निर्माण हुआ, कब हुआ ?

(A) जनवरी 01, 1972
(B) अप्रेल 15, 1972
(C) सितम्बर 01, 1972
(D) अक्टूबर 02, 1972

89. हिमाचल प्रदेश में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की सरकारी नौकरियों में शारीरिक रूप से अक्षमों के लिए कितना आरक्षण है ?

(A) दो प्रतिशत
(B) तीन प्रतिशत
(C) चार प्रतिशत
(D) पाँच प्रतिशत

90. करछम-वांगटू जलविद्युत परियोजना किस नदी घाटी में है ?

(A) सतलुज
(B) ब्यास
(C) यमुना
(D) रावी

91. "लद्दाखी नव वर्ष" को क्या कहा जाता है ?

(A) थांका
(B) हेमिस
(C) छास-कोर
(D) लोसर

92. किस भारतीय शहर को आहिल्य नगरी के नाम से जाना जाता है ?

(A) जबलपुर
(B) रायपुर
(C) इन्दौर
(D) ग्वालियर

93. हेमन्त सोरेन कौन हैं ?

(A) उल्फा के नेता
(B) एक नागा नेता
(C) गोरखालैण्ड आन्दोलन के एक नेता
(D) झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के एक नेता

94. दीपिका कुमारी किस खेल से जुड़ी हैं ?

(A) तीरन्दाजी
(B) बैडमिन्टन
(C) टेबल टेनिस
(D) हॉकी

95. बिहार का मसरख गाँव हाल ही में क्यों समाचारों में था ?

(A) साम्प्रदायिक हिंसा के कारण

(B) दलितों पर अत्याचारों के कारण

(C) दोपहर के भोजन की दुखद घटना के कारण

(D) सर्व महिला पंचायत चुनने के कारण

96. एलन जानसन सरलीफ कौन हैं ?

(A) ब्राजील की राष्ट्रपति
(B) लाइबेरिया की राष्ट्रपति
(C) माली की राष्ट्रपति
(D) अल्जीरिया की राष्ट्रपति

97. 2014 के फीफा वर्ल्ड कप में क्रिस्टियानो रोनाल्डो किस देश के लिए खेले ?

(A) ब्राजील
(B) कैमरून
(C) उरुग्वे
(D) पुर्तगाल

98. किस दिन को श्रमिक दिवस के रूप में मनाया जाता है ?

(A) अप्रेल 22
(B) मई 01
(C) सितम्बर 15
(D) दिसम्बर 10

99. टेलीफोन का आविष्कार किसने किया ?

(A) क्रिस्टोफर कोलम्बस
(B) थामस एडिसन
(C) अलेक्जेण्डर ग्राहम बेल
(D) रोंटेजन

100. कौनसा ग्रह सूर्य के सबसे निकट है ?

(A) बुध
(B) शुक्र
(C) मंगल
(D) बृहस्पति